SUNDAY | 28.10.2018
उत्तर प्रदेश
अमर उजाला
महानगर वर्ष 50 | अंक 282 | पृष्ठ : 24+4+4=32 | मूल्य : छह रुपये
बरेली
• 7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 20 संस्करण

PAGE NO. 11 : MIDDLE

निशांत, मोहित और आकृति को सर्वश्रेष्ठ एथलीट का खिताब

अमर उजाला ब्यूरो

मेडल और ट्रॉफी के साथ विजेता खिलाड़ी। -अमर उजाला

बरेली। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल विश्वविद्यालय लखनऊ की ओर से फ्यूचर कॉलेज के मैदान पर आयोजित जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट में सबसे ज्यादा स्वर्ण पदक फ्यूचर कॉलेज और एमआईटी मुरादाबाद की झोली में गए। शनिवार को समापन के मौके पर खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किए गए। विजेता खिलाड़ी लखनऊ में होने वाली प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में बरेली जोन का प्रतिनिधित्व करेंगे।

दो स्वर्ण पदक जीतने वाले फ्यूचर कॉलेज के निशांत सिंह और एमआईटी मुरादाबाद के मोहित अग्रवाल को पुरुष वर्ग में और महिला वर्ग में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाली एसआरएमएस की आकृति सिंह को सर्वश्रेष्ठ एथलीट घोषित किया गया। जैवलिन थ्रो पुरुष वर्ग में एमआईटी के सुकांत ने स्वर्ण, फ्यूचर कॉलेज के नुवैद ने रजत पदक जीता। महिला वर्ग में एसआरएमएस की प्रियांशी सिंह ने स्वर्ण, फ्यूचर की आर्शी ने रजत पदक जीता। 800 मीटर रेस में फ्यूचर की प्रियांशी अग्रवाल को स्वर्ण, एमआईटी मुरादाबाद की मोनिका चौहान को रजत और फ्यूचर की हिना कनौजिया को कांस्य पदक मिला। 400 मीटर में फ्यूचर की हिना को स्वर्ण और एमआईटी की मोनिका को रजत पदक मिला। टेबल टेनिस पुरुष वर्ग में एमआईटी को स्वर्ण, एसआरएमएस को रजत और फ्यूचर कॉलेज को कांस्य पदक मिला। शतरंज में फ्यूचर कॉलेज के अमन चंद्रा को स्वर्ण पदक और एसआरएमएस के आकाश को रजत पदक मिला। संस्थान के चेयरमैन मुकेश गुप्ता, महानिदेशक डॉ. मनीष शर्मा ने खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किए। इस मौके पर डॉ. रितेश सक्सेना, डॉ. केपीएस चौहान, डॉ. हेमंद्र गौतम, डॉ. एमके सिंह, डॉ. शाहीन परवेज आदि मौजूद रहे।